

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

थाई हाई स्लिट...8



लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

शुक्रवार, 09 दिसंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 349 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## गुजरात और हिमाचल का यह है Final Results, जानें किसके पक्ष में रहे उपचुनाव के नतीजे

नई दिल्ली। देश के 2 बड़े राज्य गुजरात और हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव के नतीजों के साथ–साथ कई राज्यों में हुए उपचुनाव के नतीजे भी आए हैं। गुजरात में दो चरणों में 182 सीटों के लिए विधानसभा चुनाव में वोट डाले गए थे। गुजरात में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है। भाजपा की लगातार यह सातवीं जीत है। भाजपा पिछले 27 सालों से सत्ता में है। फाइनल नतीजों के मुताबिक गुजरात में भाजपा ने 182 में से 156 सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं, कांग्रेस अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन करते हुए सिर्फ 17 सीटों पर ही जीती। गुजरात में पहली बार चुनाव लड़ रही आम आदमी पार्टी के खाते में 5 सीट गई हैं।

**हिमाचल प्रदेश** — कुल सीटें 68

| पार्टी | सीट (जीते+आगे) | आगे/पीछे |
| --- | --- | --- |
| भाजपा | 25 | -10 |
| कांग्रेस | 40 | 5 |
| आप | 0 | -35 |
| अन्य | 3 | -32 |

बहुमत 35

**गुजरात** — कुल सीटें 182

| पार्टी | सीट (जीते+आगे) | आगे/पीछे |
| --- | --- | --- |
| भाजपा | 156 | 64 |
| कांग्रेस | 17 | -75 |
| आप | 5 | -87 |
| अन्य | 4 | -88 |

बहुमत 92

जबकि अन्य चार जगह जीतने में कामयाब हुए हैं। हिमाचल में भाजपा को बड़ा झटका लगा है। हिमाचल में रिवाज बदलने का नारा देने वाले भाजपा 25 सीटों पर सिमट गई है। कांग्रेस ने राज बदलते हुए 40 सीटों पर जीत हासिल की है। अन्य के खाते में 3 सीटें गई हैं।

– ओडिशा के पदमपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव में बीजद की वर्षा सिंह बरिहा ने 42,679 मतों से जीत दर्ज की। बरिहा दिवंगत विधायक विजय रंजन सिंह बरिहा की बड़ी बेटी हैं। विजय रंजन सिंह बरिहा के निधन के कारण इस सीट पर उपचुनाव कराए जाने की जरूरत पड़ी। उनका मुकाबला भाजपा से था।

– रामपुर विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी आकाश सक्सेना ने बृहस्पतिवार को अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी समाजवादी पार्टी (सपा) के आसिम राजा को हराया। भाजपा ने इस सीट पर पहली बार कब्जा किया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक सक्सेना ने राजा को 34136 मतों से हराया। भाजपा आजादी के बाद पहली बार रामपुर विधानसभा सीट से चुनाव जीती है। इससे पहले करीब 40 साल से यहां सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां ही विधायक रहे।

– मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) प्रत्याशी डिंपल यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के रघुराज सिंह शाक्य को दो लाख 88 हजार 461 मतों से हराकर यह सीट सपा के पास बरकरार रखी। चुनाव आयोग द्वारा घोषित परिणाम के मुताबिक डिंपल ने दो लाख 88 हजार 461 मतों से जीत हासिल की। डिंपल ने छह लाख 18 हजार 120 मत हासिल किये जबकि शाक्य को तीन लाख 29 हजार 659 वोट मिले।

– उत्तर प्रदेश की खतौली विधानसभा सीट के उपचुनाव में समाजवादी पार्टी गठबंधन के सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल के प्रत्याशी मदन भैया ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राजकुमारी सैनी को 22143 मतों से हराकर भाजपा से यह सीट छीन ली। चुनाव आयोग द्वारा घोषित परिणाम के मुताबिक मदन भैया को 97 हजार 139 मत मिले जबकि राजकुमारी को 74 हजार 996 वोट हासिल हुए।

– सत्तारूढ़ कांग्रेस ने सरदारशहर विधानसभा सीट पर अपना कब्जा कायम रखा है। इस सीट के लिए हुए उपचुनाव में पार्टी के प्रत्याशी अनिल कुमार शर्मा ने 26 हजार से अधिक वोट से जीत दर्ज की। निर्वाचन विभाग के अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी अनिल कुमार शर्मा को कुल 91357 वोट मिले, भाजपा के भाजपा के अशोक पींचा को 64505 वोट मिले जबकि राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के उम्मीदवार लालचंद को 46753 वोट मिले।

– भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन से कुढ़नी सीट छीन ली। इस सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार केदार प्रसाद गुप्ता ने नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड के उम्मीदवार मनोज सिंह कुशवाहा को 3,645 मतों से पराजित कर दिया। नीतीश कुमार कुछ ही महीने पहले भारतीय जनता पार्टी से अलग होकर राष्ट्रीय जनता दल के साथ गठबंधन कर महागठबंधन में शामिल हुए थे।

– छत्तीसगढ़ की भानुप्रतापपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस पार्टी की उम्मीदवार सावित्री मांडवी जीत गई हैं। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी भाजपा के ब्रह्मानंद नेताम को हराया है।

### हिमाचल की जीत पर राहुल बोले

## जनता को किया हर वादा जल्द से जल्द निभाएंगे, गुजरात पर आया खड़गे का बयान



शिमला। हिमाचल प्रदेश के चुनावी नतीजों को लेकर कांग्रेस में जबरदस्त उत्साह है। इसका कारण यह है कि हिमाचल प्रदेश में अब राज बदल गया है। हिमाचल प्रदेश ने अपने पुराने रिवाज को कायम रखा है। हिमाचल प्रदेश में हर 5 साल में सरकार बदल जाती है। इस बार भी ऐसा ही हुआ है। हिमाचल प्रदेश में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा है। कांग्रेस को लगभग 18 सीटों का फायदा हुआ है। पार्टी 39 सीटों पर आगे चल रही है। इन सबके बीच राहुल गांधी कभी एक ट्वीट सामने आ गया है। राहुल गांधी नहीं हिमाचल प्रदेश की जनता का शुक्रिया कहा है। उन्होंने इसको लेकर एक ट्वीट किया है। अपने ट्वीट में राहुल गांधी ने लिखा कि हिमाचल प्रदेश की जनता को इस निर्णायक जीत के लिए दिल से धन्यवाद। राहुल ने आगे लिखा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं को हार्दिक बधाई। आपका परिश्रम और समर्पण इस विजय की शुभकामनाओं का असली हकदार है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि फिर से आश्वस्त करता हूं, जनता को किया हर वादा जल्द से जल्द निभाएंगे। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश हम जीते हैं उसके लिए हम मतदाताओं को धन्यवाद करता हूं। हमारे प्रेक्षक जा रहे है और वह तय करेंगे की राज्यपाल से कब मिलना है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और प्रियंका गांधी को धन्यवाद देते हैं क्योंकि उनकी वजह से हम जीते हैं। दूसरी और गुजरात में कांग्रेस को जबरदस्त हार मिली है। इस पर भी मल्लिकार्जुन खड़गे से सवाल पूछा गया। इसको लेकर मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि वह तो हो गया है, मैं उसका श्रेय नहीं ले रहा हूं... लोकतंत्र में जीत और हार होती है। उन्होंने कहा कि यह हमारी वैचारिक लड़ाई है। हम कमियों को सुधारेंगे और लड़ना जारी रखेंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में बड़ी जीत हुई है। वहां की जनता ने कांग्रेस पर भरोसा किया है। (मल्लिकार्जुन) खड़गे जी के अध्यक्ष बनने की बाद यह पहली जीत है और प्रियंका जी ने भी खूब प्रचार किया। यह जीत वहां के मतदाताओं और कार्यकर्ताओं की जीत है।

## शरद पवार ने चुनाव नतीजो पर बोला गुजरात के परिणाम अपेक्षा अनुरूप, लेकिन देश का मिजाज नहीं बताते



मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने बृहस्पतिवार को कहा कि गुजरात विधानसभा चुनाव के परिणाम अपेक्षा के अनुरूप ही आए हैं, लेकिन यह देश का मिजाज नहीं झलकाते। गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को हो रही मतगणना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 182 सीटों में से 42 सीटों पर जीत और 115 पर बढ़त के साथ ऐतिहासिक जीत की ओर है। राकांपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए पवार ने कहा, ''गुजरात चुनाव अपेक्षा के अनुरूप आए क्योंकि एक राज्य विशेष के लिए सत्ता के पूरे तंत्र को लगा दिया गया और परियोजनाएं वहां भेज दी गयीं।'' पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''गुजरात चुनाव के परिणाम देश का मिजाज नहीं बताते। दिल्ली में नगर निगम और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के परिणाम से यह साबित हो गया है, जहां भाजपा हार गयी।

## भूपेश बघेल ने कहा कांग्रेस विधायकों को खरीद-फरोख्त से बचाना होगा, भाजपा कुछ भी कर सकती है



शिमला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव की मतगणना में कांग्रेस की जीत के संकेत मिलने के बीच छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बृहस्पतिवार को कहा कि पार्टी को अपने विधायकों को खरीद–फरोख्त से बचाना होगा, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कुछ भी कर सकती है। कांग्रेस पार्टी ने बघेल को हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। उन्होंने इन अटकलों को खारिज किया कि हिमाचल प्रदेश से पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों को छत्तीसगढ़ स्थानांतरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने रायपुर में संवाददाताओं से कहा, "मतगणना अभी भी जारी है और हमें अंतिम नतीजों की प्रतीक्षा करनी चाहिए। हमें विश्वास था कि हम हिमाचल प्रदेश में सरकार बनाएंगे और रुझान बताते हैं कि हम वहां जीत की ओर बढ़ रहे हैं।" बघेल ने कहा कि वह बृहस्पतिवार को हिमाचल प्रदेश जाएंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार, बघेल दोपहर 2.45 बजे के बाद चंडीगढ़ के लिए रवाना होंगे।

## मैनपुरी ने चाचा–भतीजे को मिलाया, प्रसपा का सपा में विलय, अखिलेश ने शिवपाल को थमाया एसपी का झंडा




लखनऊ। मैनपुरी लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार डिंपल यादव बंपर जीत की ओर लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने एक बड़ा लीड भी हासिल कर लिया है। मैनपुरी उपचुनाव के नतीजों ने एक बार फिर से समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके चाचा शिवपाल यादव को मिला दिया है। इसके बाद एक बड़ा निर्णय भी हुआ है। शिवपाल यादव की पार्टी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी का समाजवादी पार्टी में विलय हो गया है। इसके साथ ही अखिलेश यादव ने शिवपाल यादव को समाजवादी पार्टी का झंडा भी दिया है। शिवपाल यादव ने कहा कि आज से हम दोनों एक हो गए हैं। हम सही समय का इंतजार कर रहे थे। आज से हमारी गाड़ी पर भी समाजवादी पार्टी का झंडा होगा। आपको बता दें कि मैनपुरी में डिंपल यादव ने लगभग ढाई लाख वोटों से आगे चल रही हैं। भाजपा ने यहां से रघुराज शाक्य को मैदान में उतारा था। लेकिन कहीं ना कहीं इस बार मैनपुरी में समाजवादी पार्टी का कद देखने को मिला है। दरअसल, मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मैनपुरी में उप चुनाव हो रहे थे। अखिलेश यादव ने यहां से अपनी पत्नी डिंपल यादव को चुनावी मैदान में उतारा था। शिवपाल यादव और अखिलेश यादव की दूरियां इसी दौरान कम हुई। शिवपाल यादव ने बताया कि उनकी बहू डिंपल ने उन्हें फोन कर कहा था कि मैं चुनाव लड़ने जा रही हूं। आपका आशीर्वाद चाहिए ऐसे में मैं बहू को मना कैसे कर सकता था। शिवपाल यादव पूरी तरीके से समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए हैं। उनकी गाड़ी पर समाजवादी पार्टी का झंडा लग गया है। इस दौरान दोनों पार्टियों के समर्थक तालियां बजा रहे थे। उनके अंदर खूब खुशी की लहर थी। दरअसल, 2017 के विधानसभा चुनाव से पहले शिवपाल यादव और अखिलेश यादव में कड़वाहट हो गई थी। इसके बाद शिवपाल ने अपनी अलग पार्टी बना ली थी। 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले दोनों एक साथ जरूर आए थे। लेकिन नतीजों के बाद दोनों की दूरियां लगातार बढ़ती गई। हालांकि, मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद से शिवपाल यादव और अखिलेश यादव काफी करीब हुए। दोनों तमाम कार्यक्रमों में एक साथ शामिल होते रहे। अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव के साथ शिवपाल के घर उनसे मुलाकात करने भी पहुंचे थे।

## आजम खान के गढ़ में भाजपा की सेंध, मैनपुरी में डिंपल ने लहराया परचम



नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश की मैनपुरी लोकसभा सीट सहित 5 राज्यों की 6 विधानसभा सीटों में हुए उपचुनाव के नतीजे आने लगे हैं। मैनपुरी में समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन के कारण हुए उपचुनाव में डिंपल यादव ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की है।वहीं, सबसे बड़ा उलटफेर आजम खान के गढ़ रामपुर में देखने को मिला है। इस बीच बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की विधानसभी सीटों पर भी नतीजे आ रहे हैं। आजम के गढ़ रामपुर में सपा की हारः सपा नेता आजम खान के गढ़ रामपुर में भाजपा ने सेंध लगा दी है। भाजपा प्रत्याशी आकश सक्सेना ने सपा के आमिस रजा को 43702 वोटों से हरा दिया है।






## गहलोत पर सियासी संकट? उतार दी थी 15 मंत्रियों की फौज, फिर भी गुजरात के चुनावी इतिहास में ग्रैंड ओल्ड पार्टी की हुई प्रचंड हार



जयपुर। पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और उत्तर प्रदेश में 10 मार्च को हुई चुनावी हार के विपरीत सबसे पुरानी पार्टी के पास हिमाचल प्रदेश के रूप में उम्मीद की एक किरण मिली है। कांग्रेस ने 2022 के गुजरात विधानसभा चुनावों को 2017 में अपने हाई प्रोफाइल अभियान के विपरीत शैली में लड़ने की कोशिश की थी। लेकिन एक क्षेत्रीय क्षत्रप की अनुपस्थिति के कारण क्षेत्रीय नेताओं के लिए राज्य पार्टी के भाग्य और भाग्य को छोड़ने का विचार गलत था। वहीं कांग्रेस ने गुजरात के चुनावी इतिहास में अब तक का अपना सबसे खराब प्रदर्शन करते हुए 16 सीटें जीती। कांग्रेस ने गुजरात के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को सीनियर ऑब्जर्वर बनाया गया। चुनाव की पूरी जिम्मेदारी गहलोत के कंधों पर टिकी थी। गुजरात के रण को जीतने के लिए अशोक गहलोत ने अपने 15 से ज्यादा मंत्रियों को मैदान में उतार दिया था। सीएम गहलोत ने खुद भी राजकोट से लेकर अन्य गुजरात के इलाकों का दौरा भी किया। कांग्रेस के राजस्थान मॉडल को गुजरात में भी लागू करने के दावे भी किए। लेकिन नतीजा जब आया तो उसका अंदाजा कांग्रेस को भी नहीं था। अशोक गहलोत सियासी संकट छाया?: जयपुर में 25 सितंबर को हुए बगावत के बाद से ही अशोक गहलोत की कुर्सी को लेकर लगातार अटकलें लगाई जाती रही हैं। सचिन पायलट खेमे के निशाने पर पहले से ही अशोक गहलोत हैं। राहुल की भारत जोड़ो यात्रा इन दिनों राजस्थान में ही है। इसके अलावा गुजरात चुनाव की वजह से भी आलाकमान ने इस मामले में चुप्पी साध रखी थी। लेकिन अब गुजरात के नतीजे आ चुके हैं। वहीं राहुल की भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान के एग्जिट होते ही राजस्थान पर फैसला हो सकता है। कांग्रेस आलाकमान के पास पहले से ही गहलोत के दो मंत्रियों समेत 3 नेताओं की अनुशासनहीनता की रिपोर्ट भी है।

## कार्यालय नगर पंचायत बढ़नी बाजार

### जनपद–सिद्धार्थनगर

पत्रांक सं0 223/न0पं0ब0बा0/2022–23 दिनांक 1.12.2022

स्वच्छ सर्वेक्षण 2023

### आवश्यक सूचना

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश प्लास्टिक और अन्य जीव अनशित कूड़ा कचरा अधिनियम 2000 उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 29 सन 2000 की धारा 6क, 7,12 और 13क के अधीन शासनादेश संख्या 1056/9–7–18–29 (लखनऊ) /2018 लखनऊ दिनांक 15 जुलाई 2018 के अंतर्गत प्लास्टिक कैरी बैग/थर्माकोल के उपयोग विनिर्माण ,विक्रय ,वितरण, भंडारण ,परिवहन आयात या निर्यात का पूर्ण रूप से प्रतिबंध किया जाता है अपराधों का समन करने वाले अधिकारियों द्वारा वसूल की जाने वाली निम्नलिखित शमन फीस विनिर्दिष्ट करते हैं।

| क0 | प्रतिबद्ध श्रेणी के निस्तारण योग्य पालिथिन कैरी बैग्स,प्लास्टिक एंव थर्माकोल वस्तुओ की मात्रा | धनराशि रू0 |
|---|---|---|
| 1 | 100 ग्राम तक | 1,000.00 |
| 2 | 1001 ग्राम – 500 ग्राम तक | 2,000.00 |
| 3 | 501 ग्राम – 1 किलो ग्राम तक | 5,000.00 |
| 4 | 1 किलो ग्राम – 5 किलो ग्राम तक | 10,000.00 |
| 5 | 5 किलो ग्राम से अधिक | 25,000.00 |
| 6 | किसी संस्था वाणिज्यिक संस्था/वाणिज्यिक प्रतिष्ठान /शैक्षिक संस्थाओ/ कार्यालय /होटलो/ दुकानों /रेस्टोरेंट्स /मिष्ठान दुकानों /ढाबों/ औद्योगिक प्रतिष्ठानों/ भोजन कक्ष आदि द्वारा परिसर के अंतर्गत और सड़कों ,मार्गो, नाली ,नदियो, झीलों ,तालाबों ,वन क्षेत्रों, सार्वजनिक पार्क ,समस्त सार्वजनिक स्थलों आदि पर प्लास्टिक अपशिष्ट का फेका जाना। | 25,000.00 |
| 7 | व्यक्तियों द्वारा किन्ही निजी व वाणिज्यिक प्रतिष्ठान /कार्यालय /होटलो/ दुकानों /रेस्टोरेंट्स /मिष्ठान दुकानों /ढाबों/ औद्योगिक प्रतिष्ठानों/ भोजन कक्ष आदि द्वारा परिसर के अंतर्गत और सड़कों ,मार्गो, नाली ,नदियो, झीलों ,तालाबों ,वन क्षेत्रों, सार्वजनिक पार्क ,समस्त सार्वजनिक स्थलों आदि पर प्लास्टिक अपशिष्ट का फेका जाना। | 1,000.00 |

(नवीन कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बढ़नी बाजार
सिद्धार्थनगर

(निसार अहमद)
अध्यक्ष
नगर पंचायत बढ़नी बाजार
सिद्धार्थनगर

## कार्यालय नगर पंचायत बढ़नी बाजार

### जनपद–सिद्धार्थनगर

पत्रांक सं0 231/न0पं0ब0बा0/2022–23 दिनांक 07.12.2022

स्वच्छ सर्वेक्षण 2023

### अति आवश्यक सूचना

नगर पंचायत बढ़नी बाजार सीमान्तर्गत समस्त दुकानदारों/उपभोग्ताओ/प्रयोगकर्तआ को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शासन द्वारा नगर क्षेत्र में प्लास्टिक कैरी बैग्स (75micron से कम मोटाई का) का निर्माण,आयात,भण्डारण,विक्रय पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित किया गया है।

1. 15 जुलाई 2018 से नगर पंचायत बढ़नी बाजार के सीमान्तर्गत 75 माईक्रान से कम प्लास्टिक ,कैरी बैग प्रतिबन्धित किये गये है।
2. 15 जुलाई 2018 से नगर पंचायत बढ़नी बाजार के सीमान्तर्गत क्षेत्र में एक बार उपयोग के पाश्चात निस्तारण योग्य प्लास्टिक व थर्माकोल कपों,ग्लासों,प्लेटों,चम्मचों के उपयोग को प्रतिबन्धित किये गये है।
3. नगर सीमामार्गत 02 अक्टूबर 2018 के समस्त प्रकार के डिस्पोजल निस्तारण एवं प्लास्टिक कैरी बैगों के उपयोग विनिर्माण, विक्रय, भण्डारण, परिवहन आयात व निर्यात को प्रतिबन्धित किया गया है।
4. सिंगल यूज प्लास्टिक पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित है। कृपया इसका प्रयोग न करें।
5. उपरोक्त आदेशों की अवहेलना दण्डनीय अपराध होगा एवं जुर्माना भी किया जा सकता है।

(नवीन कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बढ़नी बाजार
सिद्धार्थनगर

(निसार अहमद)
अध्यक्ष
नगर पंचायत बढ़नी बाजार
सिद्धार्थनगर

## कार्यालय नगर पंचायत बढ़नी बाजार

### जनपद–सिद्धार्थनगर

पत्रांक सं0 231/न0पं0ब0बा0/2022–23 दिनांक 07.12.2022

स्वच्छ सर्वेक्षण 2023

### अति आवश्यक सूचना

1. स्वच्छता संबंधित शिकायतों के लिए प्ले स्टोर से से स्वच्छता ऐप (mohua app) को डाउनलोड कर प्रयोग करें।
2. कूड़े को सड़क,नाला व नाली के कुड़ा न फेंके ,उसे कूड़ेदान में ही डालें।
3. अपने घरों/दुकानों का कूड़ा निर्धारित समय पर कूड़े एकत्रित करने वाले सफाई कर्मचारियों को उपलब्ध कराएं।
4. अपने घरों से निकलने वाले गीले व सूखे कूड़े को अलग–अलग करके ही कूड़े वाले गाड़ी में डालें।
5. सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करें, सामान लाने के लिए कपड़े के थैले का प्रयोग करें।
6. नगर को हरा भरा रखने एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रति व्यक्ति एक पेड़ जरूर लगाएं।
7. पानी की टोटी या खुला ना रखे जल ही जीवन है इसे संरक्षित करें।
8. संचारी रोगों को फैलने से रोकने के लिए अपने आसपास सफाई रखें।
9. खुले में शौच ना करें सदा व्यक्तिगत यह सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालय का ही प्रयोग करें।
10. घरों में बने हुए व्यक्तिगत शौचालय की टंकी हर 3 साल पर साफ करवाने के लिए टोल फ्री नंबर 1533 या नगर निकाय से संपर्क करें।
11. घरों से निकलने वाले गीले कुड़े से घर में जैविक खाद (कंपोस्ट) बनाएं।
12. नगर निकाय से संबंधित शिकायतों के लिए 1533 या पर शिकायत करें।
13. नगर को स्वच्छ स्वस्थ सुंदर बनाने में नगरपालिका का सहयोग करें।

**हमारे और आपके इन्हीं प्रयासों से नगर पंचायत बढ़नी बाजार साफ एंव सुंदर होगा तथा स्वच्छ सर्वेक्षण–2023 में उच्च स्थान प्राप्त कर सकेगा।**

(नवीन कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बढ़नी बाजार
सिद्धार्थनगर

(निसार अहमद)
अध्यक्ष
नगर पंचायत बढ़नी बाजार
सिद्धार्थनगर

## कार्यालय नगर पंचायत बढ़नी बाजार

### सिद्धार्थनगर

पत्रांक सं0 231/न0पं0ब0बा0/2022–23 दिनांक 07.12.2022

स्वच्छ सर्वेक्षण 2023

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि अपने मकानों के निर्माण एवं विघ्वंस का मलबा (C&D waste) नगर पंचायत बढ़नी बाजार की सड़को,गलियों,खाली जमीन एंव पटरियों पर कोई व्यक्ति डालते हुए पाया जाता है तो जुर्माना स्वरूप–1000 रू0 से 5000रू0 तक वसमला जायेगा।

अत : आप लोगो की सुविधा के लिए (C&D waste) को उठाने एंव खरीदने के लिए हेल्प लाइन नं0–8931963283 पर सम्पर्क करें।

(नवीन कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बढ़नी बाजार
सिद्धार्थनगर

(निसार अहमद)
अध्यक्ष
नगर पंचायत बढ़नी बाजार
सिद्धार्थनगर

# चोरी की नौ बैट्री समेत चार युवक गिरफ्तार

अयोध्या (आरएनएस)। नगर कोतवाली पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार कर इनके पास से नौ बैट्री बरामद की है। सभी का पुलिस ने चालान किया है। सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि आईटीएमएस सिस्टम की पुलिस लाइन तिराहा और डीएम चौराहे से बैट्री चोरी हो गई थी। इसी मामले को लेकर प्रयागराज के जार्जटाउन अल्लापुर निवासी निखिल श्रीवास्तव ने 30 नवंबर को अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया था। जिसके बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुटी थी। उन्होंने बताया कि कोतवाली पुलिस टीम ने चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चारों आरोपियों वीरेंद्र सिंह निवासी कनुघोसीपुर थाना संग्रामपुर अमेठी, शिवम मौर्या निवासी सहादतगंज, कैंट तथा राज मौर्या व आदर्श सिंह निवासी कुंदुर्खाखुर्द देवली बाजार थाना रौनाही को नवीन मंडी पीछे वाले गेट से गिरफ्तार किया है। सीओ सिटी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी की नौ बैट्री बरामद हुई है।

# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में आज होगा छठवें दीक्षांत समारोह

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में आज आयोजित होने वाला छठवें दीक्षांत समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गयी है। कल की तैयारी की चुस्त–दुरुस्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आज पूरे कार्यक्रम मंचन किया गया। कल जिस प्रकार से कार्यक्रम संपन्न होना है वह सभी कार्यक्रमो का यथा विद्वत पदयात्रा से लेकर गोल्ड मेडल का वितरण आसपास के छोटे बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए पुस्तकों फल वितरण का कार्यक्रम मुख्य अतिथि को विश्वविद्यालय की तरफ से डिलीट की मानद उपाधि प्रदान करने के कार्यक्रम सहित कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा जल संरक्षण हेतु मंच से घड़ो में जल को एकत्रित करने के माध्यम से जागरूकता का कार्यक्रम इत्यादि का आज रिहर्सल किया गया। मंच पूरी तरीके से तैयार हो गया है। मंच के सामने विशिष्ट अतिथियों की बैठने की व्यवस्था उसके पीछे सामान्य तिथियों की बैठने की व्यवस्था कुल 1500 कुर्सियां लगाई गई है। विदित है कि सिद्धार्थ विश्वविद्यालय अपना छठवां दीक्षांत समारोह संपन्न करेगा। जिसमें विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल शामिल होने लखनऊ से हेलीकॉप्टर द्वारा सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में आएंगी। विश्वविद्यालय में 11.00 बजे से लेकर 2.00 बजे तक रहेंगी। लगभग 2 घंटे व मंच पर रहेंगी। जिसमें इस वर्ष की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त परिसर सहित विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी को गोल्ड मेडल प्रदान करेंगी। इसी प्रकार के अन्य कार्यक्रम उनके कर कमलों द्वारा संपन्न होगा। मुख्य रूप से राजभवन से निर्देश प्राप्त हुआ है कि मंच के माध्यम से राज्यपाल उपस्थित लोगों एवं बच्चों को जल संरक्षण के लिए जागरूक करेंगी। जिसके लिए विशेष तौर पर बड़े और छोटे गढ़ो की व्यवस्था की गई है। राज्यपाल के द्वारा इन घड़ो में पानी एकत्र किया जाएगा। जिसके माध्यम से सब को यह संदेश देने की योजना है कि आने वाले समय में जल की कीमत को समझें और अधिक से अधिक जल को संरक्षित करने का उपाय किया जाए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं उत्तर प्रदेश शिक्षा परिषद के अध्यक्षप्रो गिरीश चंद्र त्रिपाठी होंगे। विश्वविद्यालय पहली बार किसी अतीत को मानद उपाधि प्रदान करने जा रहा है। कल के कार्यक्रम की यह भी एक विशेष उपलब्धि मानी जा रही है। कुलपति प्रोफेसर लाल बहादुर श्रीवास्तव ने बताया की दीक्षांत समारोह की गरिमा और श्रेष्ठता से शिक्षा जगत के लोग भलीभांति परिचित है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल उच्च शिक्षण संस्थानों में गुणवत्ता युक्त शिक्षा के साथ–साथ विद्यार्थियों के प्रति गहरा लगाव रखने वाली राज्यपाल है। इसलिए ऐसे सभी मौकों पर न केवल उनकी उपस्थिति रहती है अपितु बहुत गंभीरता के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित होती हैं। विश्वविद्यालय विश्वविद्यालय का सौभाग्य है कि विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह अनवरत गति मान है। विगत वर्षों में विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की पूरी व्यवस्था योजना सुदृढ़ कर ली गई है। कार्यक्रम अपने समय से प्रारंभ होकर व्यवस्थित ढंग से संपन्न होगा।विश्वविद्यालय परिवार एवं प्रशासन के लोग पूरी सक्रियता के साथ इस कार्यक्रम को संपन्न बनाने के लिए संकल्पित है। इस अवसर पर राज्यपाल की भूमिका में दीनदयाल शोध पीठ की चेयर प्रोफेसर अंजू दिवेदी रहे कार्यक्रम के लिए अल्सर के अवसर पर कुलसचिव डॉ मयंक कुमार सिंह वित्त अधिकारी अजय सोनकर प्रोफेसर हरीश कुमार शर्मा प्रो दीपक बाबू शेख अंजुम सहित शिक्षक उपस्थित थे उक्त जानकारी सूचना जनसंपर्क अधिकारी डॉ अविनाश प्रताप सिंह ने दी है।






## व्यापार मंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर समस्याओं से अवगत कराया

### 3 दिनों से लगातार आयकर विभाग की जांच के डर से दुकानें हैं बंद व्यापारियों पर रोजी-रोटी की समस्या भारी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। जनपद में आयकर विभाग की टीम के द्वारा जहां लगातार छापे मारे जा रहे हैं वहीं व्यापारियों में डर का माहौल व्याप्त हो गया है शुक्रवार को व्यापार मंडल ने जिलाधिकारी एवं डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर को ज्ञापन देकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया व्यापार मंडल ने कहा कि हम सभी व्यापारी विभाग द्वारा रजिस्टर्ड छोटे बड़े व्यवसाय के माध्यम से अपने परिवार और कर्मचारियों के परिवार का पेट पालते हैं, जिनकी आजीविका का एक मात्र साधन व्यापार है, जीएसटी के पोर्टल पर अपने निर्धारित समय पर हम सभी रिटर्न और जीएसटी जमा करने के बाद दाखिल करते रहते हैं। विगत दिनों से जिस तरह अचानक बिना पूर्व सूचना या नोटिस के हम व्यापारियों की दूकानों पर भारी पुलिस बल और जांच टीम के साथ विभाग द्वारा जांच किया जा रहा है उससे बिना किसी आरोप के एक आम व्यापारी को आम जनमानस की निगाह में अपराधी के तौर पर पेश किया जा रहा है। वर्तमान समय में शादी ब्याह का सीजन है, महाजन और कंपनी को पेमेंट करने का संकट दूकानें बंद होने की वजह से गंभीर स्थिति में है, दहशत का माहौल होने से सभी व्यापारी दूकान बंद करने पर मजबूर हो गए हैं। अतरू संगठन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से विनम्र निवेदन करता है कि 1– विभाग द्वारा राजस्व बढ़ाने के लिए व्यापारियों को जीएसटी संबंधित प्रशिक्षण, मार्गदर्शन, वर्कशॉप आयोजित करे जिससे व्यापार के तौर तरीकों में सुधार किया जा सके। 2 – अगर विभाग किसी प्रतिष्ठान पर जांच करना चाहता है तो पहले नोटिस के माध्यम से स्पष्टीकरण का मौका देना चाहिए अन्यथा एकपक्षीय कार्रवाई से उत्पीड़न की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। 3 – जिले के व्यापारियों में मौजूदा कार्रवाई से दहशत का माहौल व्याप्त है जिसे दूर करने के लिए किसी भी प्रकार के उत्पीड़न से बचाया जाए और बाजार खुलवाने के लिए भरोसा बहाल किया जाए। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन जिलाध्यक्ष अजय कसौधन, ड्रगिस्ट एण्ड केमिस्ट एसोसिएशन जिलाध्यक्ष अफजल अनवार खान, भीमचंद कसौधन, संजय कसौधन, कौशलेन्द्र त्रिपाठी, शैलेष कुमार पाण्डेय, कमलेश दुबे, ड्यूक सिंह, आशीष जायसवाल, मनीष अग्रहरि, कुन्नू, द्वारिका, बैजनाथ, करुणेश जायसवाल, हृदय नाथ वर्मा, रामचन्द्र गुप्ता, संजय यादव, मुश्ताक अहमद, लालचन्द गुप्ता, अवधेश मिश्रा, मसीउर्रहमान, पीएन बख्शी, पीएन शुक्ला, प्रमोद मिश्रा, मनीष मिश्रा, सुभाष चौधरी, शैलेन्द्र चौरसिया आदि शामिल रहे।







## आवारा गोवंशों को भेजा गया गौशाला

दैनिक बुद्ध का सन्देश

लोटन/सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार एवं खंड विकास अधिकारी लाल जी शुक्ला की नेतृत्व में और ग्राम विकास अधिकारी विनोद कुमार, लाल चंद चौधरी, रविन्द जाटव, प्रियंका गोस्वामी, ओम प्रकाश पंकज, सुबास आदि के सहयोग से विकास खण्ड लोटन के अंर्तगत आने वाले क्षेत्रों में घूम रहे आवारा पशुओं को जनपद के विभिन्न गौशालो में पहुंचाया गया। विकास खण्ड लोटन के अंर्तगत 196 आवारा गोवंशो को वाहनों द्वारा गौशाला में भिजवाया गया। क्षेत्र के सिकरी बखरिया से 34 गोवंश बनियाडीह से 12, लोटन से 6 एवं ठोठरी से 23 और रसियावल कला से 30 गोवंश को पकड़ कर खण्ड विकास अधिकारी लोटन की अगुवाई में उन्हें जनपद के विभिन्न गौशाला में पहुंचाया गया।



## अभियान चलाकर प्रशासन ने घूम रहे गौवंशीय को आस्थायी गौशालाओं में पहुंचाया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी,सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी संजीव रंजन द्बारा गुरुवार को अभियान चला कर निराश्रित गौवंश को गौशाला में संरक्षित किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार द्वारा विकास खण्ड बांसी के बांसी धानी मार्ग पर ग्राम कदमहवा, बांसी इटवा मार्ग पर ग्राम पंचायत उसका के ग्राम खजुरिया तथा ग्राम संग्रामपुर में निराश्रित गौवंश के संरक्षण कार्य का निरीक्षण किया। इस अभियान के लिए सभी विकास खण्ड में पर्यवेक्षण के लिए जनपद स्तरीय अधिकारीध नोडल अधिकारी लगाया गया है। साथ ही मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण द्वारा इस अभियान का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में सदर विकास खंड में बीडीओ अरुण श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत आशुतोष मिश्र, वसीकुर्रहमान, ग्राम पंचायत अधिकारी विमल कांत, अभिनव ओझा, ज्योति पांडेय, तनुश्री ओझा, प्रीति गुप्ता, अंबुजा जायसवाल आदि ने महदेवा लाला में 19 व रामगढ़ में 29 गौवंशीय को आस्थायी गौशालाओं में पहुंचाया।







## खबर का असर: नगर पंचायत प्रशासन ने लिया संज्ञान, कूड़े के ढेर को हटवा कर गिरवाया मिट्टी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। दैनिक बुद्ध का सन्देश के 6 तारीखद्द के अंक में कूड़े के ढेर पर नगर पंचायत डुमरियागंज





शीर्षक से एक खबर छपा था, जिसका संज्ञान लेते हुए नगर पंचायत प्रशासन ने त्वरित एक्शन लेते हुए डुमरियागंज की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक इस समस्या को आस्थाई तौर पर ही सही खत्म करने का प्रयास किया बताते चलें डुमरियागंज को नगर पंचायत बने लगभग 14 साल हो गया है लेकिन 17 वार्डों में बंटे डुमरियागंज नगर पंचायत के किसी भी वार्ड में कूड़ा फेंकने की व्यवस्था नही बन पायी,अभी भी कूड़ा को खुले में ही फेंका जाता है जिसकी वजह से तमाम तरह की बीमारियों को अपना पैर पसारने का मौका मिल जाता है द्य कुछ समय पहले तक डेंगू जैसी घातक बीमारी ने पूरे प्रदेश को अपने चपेट में लेना शुरू कर दिया था लेकिन सरकार के द्वारा उठाये गए कदमों की वजह से डेंगू घातक रूप धारण नहीं कर पाया बावजूट इसके नगर पंचायत की लापरवाही समझ से बाहर नजर आता है फिलहाल नगर पंचायत की इस आस्थाई व्यवस्था का क्या फायदा होगा कुछ भी कहना मुश्किल है। पहला फोटो कूड़ा हटने से पहले का दूसरा फोटो कूड़ा हटने के बाद का तीसरा फोटो जिस खबर के बाद हटा कूड़।

## राजस्व की वसूली मे तेजी लाये, दुकानो को चेक करने का निर्देश

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजस्व कार्यो, कर-करेत्तर, की समीक्षा बैठक सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। राजस्व कार्यो, कर–करेत्तर, की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने समस्त उपजिलाधिकारियोंध्तहसीलदार को निर्देश देते हुए कहा कि सभी कोर्ट केस अपडेट करे। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बैठक में उपस्थित समस्त एस0डी0एम0 व तहसीलदार को तहसीलों की मासिक रिपोर्ट समय से भेजने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समस्त तहसीलदारों को निर्देश दिया कि राजस्व की वसूली मे तेजी लाकर शत–प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करे। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने जिला आबकारी अधिकारी को शासन से प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष शत–प्रतिशत वसूली बढ़ाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही बाट–माप, परिवहन, विद्युत को वसूली बढ़ाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बाट–माप तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को बाजारो में दुकानो को चेक करने का निर्देश दिया। वाणिज्य कर, आबकारी, परिवहन, विद्युत, खनन विभागो का लक्ष्य के सापेक्ष वसूली कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लक्ष्य बढ़ाने का निर्देश दिया गया।

इसके अलावा स्टाम्प कर, भू–राजस्व वसूली, व्यापार कर, वन विभाग, मण्डी समिति, खनन विभाग, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र तथा अन्य विभागों की समीक्षा की गयी तथा शत्–प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया गया। बाजारो में पॉलीथीन का प्रयोग न हो इसके लिए दुकानो पर छापेमारी कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, ए0आई0जी0 स्टाम्प राजेश सिंह, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिकाध्नगर पंचायत, प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट शिवपूजन, सूर्यलता श्रीवास्तव, राम केवल, रवीन्द्र श्रीवास्तव, प्रेमसागर चौधरी तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।





## उपजिलाधिकारी ने किया सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास सिद्धार्थनगर की तरफ से गुरूवार को समय 9.30 बजे सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सन्त कुमार अपर उपजिलाधिकारी नौगढ़ध्प्रभारी जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी एवं वरिष्ठ सहायक मनीशचन्द्र त्रिपाठी, कनिष्ठ सहा0 अशोक सिंह के साथ जिलाधिकारी, जनपद न्यायाधीश महोदय, पुलिस अधीक्षक महोदय, उपजिलाधिकारी सदर को सेना झण्डा दिवस का स्टीकर लगाया गया। इस अवसर पर कार्यालय के सभी स्टाप उपस्थित रहे। उक्त आशय की जानकारी सन्त कुमार अपर उपजिलाधिकारी नौगढ़ध्प्रभारी जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी सिद्धार्थनगर ने अपने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया है।

## सम्पादकीय

**यह बताने का मकसद केवल इतना है कि इस उम्र में बच्चों की जिज्ञासाएं क्या होती हैं। हो सकता है अब वे और कम उम्र में आने लगी हों। लेकिन आप सोचिए कि समस्या का पता होने के बाद भी हमारी शिक्षा प्रणाली और पैरेंट्स के बच्चों के साथ व्यवहार में क्या बदलाव आया है। क्या इन दोनों में से किसी ने इस समस्या...**

# स्कूली बस्तों में क्या?



हाल ही में आई एक खबर ने सबको चौंकाया। बेंगलुरु के एक स्कूल में प्रिंसिपल को शिकायत मिली कि बच्चे बैग में मोबाइल फोन छिपाकर ला रहे हैं। बैग चेक करवाए तो सबकी आंखें फटी रह गईं। 8वीं, 9वीं और 10वीं क्लास के स्टूडेंट्स के बैग में कंडोम, गर्भ निरोधक गोलियां, लाइटर, सिगरेट, वाइटनर जैसी चीजें निकलीं। पानी की बोतलों में शराब थी। कुछ स्कूलों ने पैरंट्स को स्कूल बुलाया और उनसे बात की। ज्यादातर ने कहा कि बच्चों के साथ बैठकर बात करेंगे। इससे ज्यादा वे बोल भी नहीं सकते थे। आखिर उनसे किसी ने पूछा भी नहीं होगा कि अब तक बात नहीं कर रहे थे क्या! आपको इस खबर से हैरानी हो सकती है, मुझे नहीं हुई। इसलिए कि यह नई बात नहीं है। 2004 में दिल्ली के एक स्कूल में हुआ एमएमएस कांड सबको याद होगा। मोबाइल फोन में कैमरा और ब्लूटूथ आने लगे थे। स्कूली बच्चों के बीच क्या चल रहा था, यह कैमरे में आ गया था। आप कहेंगे कि मोबाइल फोन आने से बच्चों पर खराब असर पड़ने लगा। ऐसा भी नहीं है। उससे पीछे चलते हैं। मैं अपनी आठवीं क्लास की बात करता हूं। 1995–96 के आसपास वीसीआर का चलन था। हम छोटे शहरों के बच्चे दो–तीन महीने में एक बार केवल तभी वीसीआर पर फिल्में देख पाते थे, जब कोई किराए पर इसे लाता था। लेकिन दिल्ली में तब घर में वीसीआरध्वीसीपी रखे जाने लगे थे। मैं कभी छुट्टियों में आता था तो मेरी उम्र के ही बच्चों के पास ऐसा कुछ देख लेता था कि झुरझुरी छूट जाती थी। जैसे एक बार मुझे पता चला कि यहां तो 8वीं–9वीं क्लास के बच्चे अडल्ट या पोर्न फिल्मों की विडियो कैसेट तक अपने बैग में लेकर स्कूल चले जाते हैं। ये कैसेट साइज में एक किताब जितनी बड़ी होती थीं, उसके बावजूद उनको इसे बैग में रखते घबराहट नहीं होती थी। स्कूल में ये एक्सचेंज की जाती थीं। यह बताने का मकसद केवल इतना है कि इस उम्र में बच्चों की जिज्ञासाएं क्या होती हैं। हो सकता है अब वे और कम उम्र में आने लगी हों। लेकिन आप सोचिए कि समस्या का पता होने के बाद भी हमारी शिक्षा प्रणाली और पैरेंट्स के बच्चों के साथ व्यवहार में क्या बदलाव आया है। क्या इन दोनों में से किसी ने इस समस्या को खत्म करने के लिए कोई खास कदम उठाया? सेक्स एजुकेशन पर कोई बात होती है तो विरोध के स्वर पहले सुनाई देने लगते हैं। बच्चों के मनोविज्ञान से जुड़ी समस्याओं पर कोई खुलकर बात नहीं करता। आप कितने स्कूलों में ऐसे काउंसलर देखते हैं, जिनके पास जाकर बच्चे बिना डर और झिझक के अपनी समस्या शेयर कर सकें। और तो और, पैरंट्स खुद कितना बच्चों से इन मामलों पर बात करते हैं? बिल्ली को देखकर कबूतर आंखें बंद कर लेगा तो खतरा टल जाएगा क्या?

# पश्चिम का बदलता नजरिया

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उरसुला वॉन डेर लियेन के इस बयान से पश्चिमी देशों में लोग सदमे में नजर आए कि युद्ध में यूक्रेन के एक लाख सैनिक और 20 हजार नागरिक मारे जा चुके हैं। बात इतनी बढ़ी कि डेर लियेन को अपना बयान वापस लेना पड़ा। पहले जर्मनी के चांसलर ओलोफ शोल्ज और फिर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यह कहा कि यूक्रेन युद्ध खत्म कराने के लिए रूस से बातचीत के लिए वे तैयार हैं। अब तक रूस से बात ना करने के सख्त रुख पर चल रहे इन देशों के नजरिए में आया यह बदलाव काफी कुछ कहता है। दरअसल, अब पश्चिमी राजधानियों में यह बात महसूस की जाने लगी है कि यूक्रेन को प्रॉक्सी बना कर रूस से युद्ध की उनकी रणनीति बिखर रही है। बीते हफ्ते यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उरसुला वॉन डेर लियेन के इस बयान से पश्चिमी देशों में लोग सदमे में नजर आए कि युद्ध में यूक्रेन के एक लाख सैनिक और 20 हजार नागरिक मारे जा चुके हैं। ये मसला इतना बढ़ा कि वॉन डेर लियेन को अपना यह बयान वापस लेना पड़ा। वैसे यह बात इसके पहले अमेरिका के सेना प्रमुख जनरल मार्क मिले भी कह चुके हैं। बीते अक्टूबर में उन्होंने कहा था कि युद्ध में एक लाख से अधिक रूसी सैनिक मारे गए हैं और संभवतरू इतने ही यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं।

इसके अलावा रूसी हमलों से यूक्रेन के इन्फ्रास्ट्रक्चर को जो व्यापक नुकसान हुआ है, उसने वहां के लोगों को अंधकार और ठंड में जीने के लिए मजबूर कर दिया है। उधर यूक्रेन की मदद पहुंचे दूसरे देशों के श्स्वयंसेवकोंय की भी बड़ी संख्या में मौत होने की खबर है। खुद पोलैंड ने स्वीकार किया है कि वहां से गए तकरीबन 1200 श्स्वयंसेवकय मारे जा चुके हैं। उधर रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों से यूरोप के देश ऊर्जा संकट और मुद्रास्फीति की ऊंची दर का सामना कर रहे हैं। ऐसे में कई यूरोपीय स्पष्ट कर चुके हैं कि उनके संसाधन सीमित हैं, इसलिए अनिश्चित समय तक यूक्रेन को मदद देना उनके लिए संभव नहीं होगा। ऐसे में यूक्रेन की हार एक वास्तविक संभावना बन गई है। ये हार पश्चिमी देशों के जनमत के लिए गहरा सदमा होगी। तो संभवतरू अब बातचीत से ऐसा हल निकालना उनकी प्राथमिकता बन गई है, जिससे पश्चिमी सरकारें अपनी जनता को युद्ध के सम्मानजनक शर्तों पर खत्म होने की कहानी बता सकें।

# जीएम फसलों को ना कहना होगा

**कृषि क्षेत्र में ताजा वृद्धि मुख्य रूप से कृषि संबंधी गतिविधियों में तेजी आने की वजह से संभव हुई है, क्योंकि इन महीनों में फसल की कटाई की गतिविधियां कम हुई हैं। यह सकारात्मक संकेत है। जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2023 में 7.00 प्रतिशत के आसपास रहने का अनुमान है और उम्मीद है कि भारत आसानी से इस लक्ष्य को हासिल कर लेगा। अभी दुनिया के देशों में अनिश्चितता का माहौल है। महंगाई और ...**

भारत डोगरा

हाल के वर्षो में किसानों के संकट का एक बड़ा कारण यह है कि उनकी आत्मनिर्भरता और स्वावलंबिता में भारी गिरावट आई है व वे कृषि की नई तकनीकों को अपनाने के साथ रासायनिक कीटनाशक, खरपतवारनाशक, रासायनिक खाद, बाहरी बीजों व उपकरणों पर बहुत निर्भर हो गए हैं। उन्होंने यह निर्भरता स्वीकार तो उस उम्मीद से की थी कि यह उन्हें आर्थिक समृद्धि की ओर ले जाएगी, पर आरंभिक कुछ वर्षो की सफलता के बावजूद कुछ ही वर्षो में भूमि के उपजाऊपन पर इन रसायनों का प्रतिकूल असर नजर आने लगा व महंगी तकनीक का बोझ परेशान करने लगा। विशेषकर छोटे किसान तो कर्ज की मार से परोन रहने लगे। फसलों की नई किस्मों को लगने वाली नई तरह की बीमारियों व कीड़ों ने विशेष रूप से परेशान किया।

जहां जमीनी स्तर पर किसान इन अनुभवों से गुजर रहे थे, वहां बड़ी–बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के स्तर पर ऐसे प्रयास चल रहे थे कि किसानों पर अपना नियंत्रण और बढ़ा लिया जाए। इस नियंत्रण को बढ़ाने का प्रमुख साधन बीज को बनाया गया क्योंकि बीज पर नियंत्रण होने से पूरी खेती–किसानी पर नियंत्रण हो सकता है। अतरू बड़ी कंपनियों ने बीज क्षेत्र में अपने पैर फैलाने आरंभ किए। पहले बीज के क्षेत्र में छोटी कंपनियां ही अधिक नजर आती थी, पर अब विव स्तर की बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने छोटी–छोटी कंपनियों को खरीदना आरंभ किया। जो बड़ी कंपनियां इस क्षेत्र में आई, वे पहले से कृषि रसायनों व विशेषकर कीटनाशकों, खरपतवारनाशकों आदि के उत्पादन में लगी हुई थी। इस तरह बीज उद्योग व कृषि रसायन उद्योग एक ही तरह की कंपनी के हाथ में केंद्रीकृत होने लगा।

इससे यह खतरा उत्पन्न हुआ कि ये कंपनियां ऐसा बीज तैयार करेंगी जो उनके रसायनों के अनुकूल हो अथवा बीज को वे अपने रसायन की बिक्री का मायम बनाएंगी। अनेक बड़ी कंपनियों को लगा कि अपने विभिन्न उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए, जैसे कि ऐसे बीज बनाना जो उनके रसायनों की बिक्री के अनुकूल हो, उन्हें जेनेटिक इंजीनियरिंग से अधिक मदद मिल सकती है। अतरू इन कंपनियों ने जेनेटिक इंजीनियरिंग में बड़े पैमाने पर निवेश करना आरंभ किया। जेनेटिक इंजीनियरिंग से प्राप्त फसलों को संक्षेप में जी.एम. (जेनेटिकली मोडीफाइड) फसल कहते हैं। जी.एम. फसलों के विरोध का एक मुख्य आधार यह रहा है कि यह फसलें स्वास्थ्य व पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित नहीं हैं तथा यह असर जेनेटिक प्रदूषण के माध्यम से अन्य सामान्य फसलों व पौधों में फैल सकता है।

इस विचार को इंडिपेंडेंट साइंस पैनल (स्वतंत्र विज्ञान मंच) ने बहुत सारगर्भित ढंग से व्यक्त किया है। पैनल में एकत्र हुए वि के अनेक देशों के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों ने जी.एम. फसलों पर एक महत्त्वपूर्ण दस्तावेज तैयार किया, जिसके निष्कर्ष में उन्होंने कहा है–जी.एम. फसलों के बारे में जिन लाभों का वायदा किया गया था वे प्राप्त नहीं हुए हैं व यह फसलें खेतों में बढ़ती समस्याएं उपस्थित कर रहीं हैं। अब इस बारे में व्यापक सहमति है कि इन फसलों का प्रसार होने पर ट्रांसजेनिक प्रदूषण से बचा नहीं जा सकता है। अतरू जी.एम. फसलों व गैर जी.एम. फसलों का सह अस्तित्व नहीं हो सकता है।

सबसे महत्त्वपूर्ण यह है कि जी.एम. फसलों की सुरक्षा या सेफ्टी प्रमाणित नहीं हो सकी है। इसके विपरीत पर्याप्त प्रमाण प्राप्त हो चुके हैं, जिनसे इन फसलों की सेफ्टी या सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताएं उत्पन्न होती हैं। यदि इनकी उपेक्षा की गई तो स्वास्थ्य व पर्यावरण की क्षति होगी जिसकी पूत्तर्ि नहीं हो सकती है, जिसे फिर ठीक नहीं दिया जा सकता है। जी.एम. फसलों को अब दृढ़ता से रिजेक्ट कर देना चाहिए, अस्वीकृत कर देना चाहिए। इन फसलों से जुड़े खतरे का सबसे अहम पक्ष कई वैज्ञानिकों ने यह बताया है कि जो खतरे पर्यावरण में फैलेंगे उन पर हमारा नियंत्रण नहीं रह जाएगा व बहुत दुष्परिणाम सामने आने पर भी हम इनकी क्षतिपूत्तर्ि नहीं कर पाएंगे। जेनेटिक प्रदूषण का मूल चरित्र ही ऐसा है। वायु प्रदूषण व जल प्रदूषण की गंभीरता पता चलने पर इनके कारणों का पता लगाकर उन्हें नियंत्रित कर सकते हैं, पर जेनेटिक प्रदूषण जो पर्यावरण में चला गया वह हमारे नियंत्रण से बाहर हो जाता है।

कुछ समय पहले देश के महान वैज्ञानिक प्रोफेसर पुष्प भार्गव का निधन हुआ है। वे श्सेंटर फॉर सेलयूलर एंड मॉलीक्यूलर बॉयोलाजीय हैदराबाद के संस्थापक निदेशक रहे व नेशनल नॉलेज कमीशन के उपायक्ष रहे। उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ यह भी जरूरी है कि जिन बहुत गंभीर खतरों के प्रति उन्होंने बार–बार चेतावनियां दीं, उन खतरों के प्रति हम बहुत सावधान बने रहें। विशेषकर जीएम फसलों के विरुद्ध उनकी चेतावनी बहुत महत्त्वपूर्ण है। सर्वोच्च अदालत ने प्रो. पुष्प भार्गव को जेनेटिक इंजीनियरिंग एप्रूवल कमेटी (जी.ई.ए.सी) के कार्य पर निगरानी रखने के लिए नियुक्त किया।

जिस तरह जी.ई.ए.सी. ने बीटी बैंगन को जल्दबाजी में स्वीकृति दीय डॉ. पुष्प भार्गव ने उसे अनैतिक व एक बहुत गंभीर गलती बताया। प्रो. पुष्प भार्गव ने जेनेटिक रूप से संवर्धित (जेनेटिकली मोडीफाइड) या जीएम फसलों का बहुत स्पष्ट और तथ्य आधारित विरोध किया, वह भी बहुत प्रखरता से। जीएम खाद्यों के बारे में यह भी सिद्ध हुआ है कि इनसे चूहों में कैंसर होता है। इसी लेख में उन्होंने और भी स्पष्ट शब्दों में कहा, यदि हम सही विज्ञान के लिए प्रतिबद्ध हैं व अपने नागरिकों को स्वस्थ भोजन उपलब करवाने के लिए प्रतिबद्ध हैं तो हमने जैसे जीएम बैंगन पर प्रतिबंध लगाया था, वैसे ही हमें जीएम सरसों पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए और सभी जीएम फसलों को श्नहींय कह देना चाहिए, जैसे कि यूरोपियन यूनियन के 17 देशों ने कह दिया है।

# छोटी कंपनियों को दी जानी चाहिए और अधिक आर्थिक सहायता

**धिक क्षेत्रों में पीएलआई योजना का विस्तार करना स्वागत योग्य होगा। कुछ निकट अवधि की कठिनाइयों के कारण बड़ी संख्या में निर्माण कंपनियों की अचल संपत्तियों में गिरावट देखी गई है और सरकार के लिए यह उचित होगा कि वह कुछ विशेष पैकेज पर विचार करे ताकि ये कंपनियां पटरी पर लौट सकें। पुनरु)ार के संकेत दिखाई दिये हैं लेकिन सरकार को यह सुनिश्चित करने ...**

के आर सुधामन

नोटबंदी के बाद खत्म हो चुके अनौपचारिक उधारी का कोई विकल्प अभी तक सामने नहीं आया है। पहले एमएसएमई बड़े पैमाने पर निवेश के लिए अनौपचारिक ऋण पर निर्भर थे। सरकार इस उद्देश्य के लिए एक संस्था स्थापित करने पर विचार कर सकती है। अधिक क्षेत्रों में पीएलआई योजना का विस्तार करना स्वागत योग्य होगा। कुछ निकट अवधि की कठिनाइयों के कारण बड़ी संख्या में निर्माण कंपनियों की अचल संपत्तियों में गिरावट देखी गई है और सरकार के लिए यह उचित होगा कि वह कुछ विशेष पैकेज पर विचार करे।

भारत के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यम ने कुछ साल पहले अपने आर्थिक सर्वेक्षण में जुड़वां बैलेंस शीट की समस्या को चिह्नित किया था। उन्होंने कहा था कि भारत को इस प्रमुख आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा था जिसमें भारतीय बैंकों को कॉरपोरेट्स द्वारा भारी कर्ज लेकर उसकी अदायगी न करने के कारण भारी नुकसान हो रहा था।

यह अजीबोगरीब स्थिति तब पैदा हुई जब कॉर्पोरेट क्षेत्र ने तेजी की अवधि के दौरान अनियंत्रित विस्तार किया फिर मंदी आने पर उन्हें सम्भाल नहीं पाये। परिणामस्वरूप कर्ज की अदायगी करने की स्थिति में नहीं रहे तथा बैंकों का एनपीए (गैर उत्पादक ऋ ण) बढ़ता चला गया तथा वे और अधिक कर्ज देने की स्थिति में ही न रहे। इसी को जुड़वां बैलेंस शीट समस्या कहा गया अर्थात बैंक तथा कॉरपोरेट दोनों के बैलेंस शीट गड़बड़ा गये।

लेकिन कोविड के दो साल ने बैंकों और कॉरपोरेट दोनों को दिवाला और दिवालियापन कोड के पीछे अपनी–अपनी बैलेंस शीट को साफ करने के लिए सांस लेने की जगह दी। अब बैंकों का कुल एनपीए पांच से छह प्रतिशत से भी कम हो गया है और कुछ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का शुद्ध एनपीए एक प्रतिशत से भी कम है।

यह कुछ साल पहले भारी एनपीए के विपरीत है, जो कुछ बैंकों में दो अंकों में पहुंच गये थे। कई कॉरपोरेट, जिनके पास पहले अतिरिक्त क्षमता थी, ने अब मांग बढ़ने के साथ निवेश करना शुरू कर दिया है। उनमें से कुछ का क्षमता उपयोग 80 प्रतिशत तक है। यह एक स्वागत योग्य घटनाक्रम है और अर्थव्यवस्था के आगे बढ़ने के लिए शुभ संकेत है।

कई सालों में पहली बार भारतीय बैंकों की सेहत अच्छी दिख रही है। कोविड के बाद अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार के साथ, इस वित्तीय वर्ष में बैंक ऋ ण लगातार बढ़ने लगा है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, 18 नवंबर, 2022 को समाप्त पखवाड़े में बैंक ऋ ण लगभग 17 प्रतिशत बढ़ गया। आंकड़ों से पता चलता है कि बैंक ऋण पखवाड़े से 18 नवंबर तक बढ़कर 133.29 लाख करोड़ हो गया, जो 19 नवंबर 2021 को 113.96 लाख करोड़ था। लेकिन 18 नवंबर, 2022 को 177.15 लाख करोड़ के समग्र आधार के साथ जमा वृद्धि 9.30 प्रतिशत पर आ गई। ऋण वृद्धि में भारी वृद्धि के साथ, बैंकों ने ऋण की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए आक्रामक रूप से जमा जुटाने के प्रयास शुरू कर दिये हैं। वित्तीय वर्ष 2021–22 में, बैंक ऋण केवल 8.59 प्रतिशत और जमा 8.94 प्रतिशत बढ़ा।

बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप के अनुसार, भारत में बैंक कोविड–19 महामारी के बाद मजबूत हुए हैं और अब मजबूती से विकास के पथ पर हैं। बैंकिंग क्षेत्र ने रिकॉर्ड लाभप्रदत्त, मजबूत ऋण वृद्धि और ऋण गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार की सूचना दी। इसके अलावा, सार्वजनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म कम प्रसंस्करण और अधिग्रहण लागत के साथ ऋण देने में और वृद्धि करेंगे।

हाल ही में निजी पूंजीगत व्यय के पुनरुद्धार के बारे में कई सकारात्मक रिपोर्टें आई हैं। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि इस वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में निजी पूंजीगत व्यय तीन लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है और इस वित्तीय वर्ष के अंत तक यह छह लाख करोड़ रुपये से अधिक हो सकती है। यह इस तथ्य से भी स्पष्ट है कि शीर्ष कॉर्पोरेट शेयर बाजार में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, प्रमुख शहरों में रियल एस्टेट क्षेत्र का सामान्य पुनरुद्धार हो रहा है, और कई कंपनियों ने पहले ही बड़े निवेश वाली नयी परियोजनाओं की घोषणा कर दी है। यह बिल्कुल स्पष्ट है कि निजी क्षेत्र में निवेश चक्र का पुनरुद्धार हो रहा है। ये सकारात्मक संकेत हैं।

लेकिन चिंता की बात यह है कि पुनरुद्धार अभी तक सभी क्षेत्रों में नहीं हुआ है और वैश्विक आर्थिक परिदृश्य उतना उज्ज्वल नहीं हुआ है कि प्राइम निर्यात बढ़ाया जा सके।

पिछले साल कंपनियों ने अपनी बैलेंस शीट को साफ करने की प्रक्रिया में मदद करते हुए अपने उधार को काफी कम कर दिया था। अब मांग में सुधार और क्षमता उपयोग में सुधार के साथ, अधिक निवेश की भूख है, जो उच्च ऋण वृद्धि के माध्यम से परिलक्षित हो रही है। यह सब इस वित्तीय वर्ष में पूंजीगत व्यय चक्र की शुरुआत की ओर इशारा करता है। लेकिन इस वित्त वर्ष की पहली छमाही में कुछ कंपनियों ने ज्यादा खर्च किया। विकास चक्र को गति देने के लिए कंपनियों को अधिक निवेश शुरू करना होगा। सहायक मौद्रिक और राजकोषीय नीतियों के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकारें दोनों पूंजीगत व्यय को प्रोत्साहित कर सकती हैं। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि इस वित्तीय वर्ष में अप्रैल–सितंबर के दौरान शीर्ष 22 कंपनियों ने निजी पूंजीगत व्यय का 71 प्रतिशत हिस्सा लिया। निजी पूंजीगत व्यय वित्तीय वर्ष 2020 में 8.19 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2021 में घटकर 4.74 लाख करोड़ रुपये रह गया था। इस वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में कुछ पुनरुद्धार देखा गया है, लेकिन यह उद्योगों में दिखाई नहीं दे रहा है साथ ही निजी पूंजीगत व्यय के पूर्व–कोविड स्तरों पर वापस आने में कुछ समय लग सकता है। एक क्षेत्र जिस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, वह है एमएसएमई क्षेत्र का पुनरुद्धार। सरकार के लिए इस क्षेत्र को संभालने के लिए बजट में कुछ पैकेज पर विचार करना सार्थक होगा, जिसका भारत के विनिर्माण में 45 प्रतिशत और निर्यात में लगभग 40 प्रतिशत का योगदान है। पूंजीगत व्यय के लिए इस क्षेत्र को उधार देने की आवश्यकता है। नोटबंदी के बाद खत्म हो चुके अनौपचारिक उधारी का कोई विकल्प अभी तक सामने नहीं आया है। पहले एमएसएमई बड़े पैमाने पर निवेश के लिए अनौपचारिक ऋण पर निर्भर थे। सरकार इस उद्देश्य के लिए एक संस्था स्थापित करने पर विचार कर सकती है।




# कार्यालय नगर पंचायत बढ़नी बाजार

## जनपद–सिद्धार्थनगर

पत्रांक सं0 231/न0पं0ब0बा0/2022–23 दिनांक 07.12.2022

नगर पंचायत बढ़नी बाजार जनपद–सिद्धार्थनगर की सेनीटेशन सर्विस लेबिल बेन्चमार्क–

| s.n. | Indictors | Bench mark |
|---|---|---|
| 1 | Coverage of water supply connection | 76.67 |
| 2 | Per capita avilable of water at consumer end | 153.25 |
| 3 | Extent of metering of water connection | 0.0 |
| 4 | Extent of non revenue water | 20.0 |
| 5 | continuity of water supplay | 100.0 |
| 6 | Efficiency in redressal of customer complaints | 100.0 |
| 7 | Quality of water supplied | 98.0 |
| 8 | Cost recovery in water supplay service | 10.0 |
| 9 | Efficiency in collection of water supply related charges | 80.0 |
| | **Solid West Management Indicators** | |
| s.n. | Indictors | Bench mark |
| 1 | Household level coverage of solid waste management services | 100% |
| 2 | Efficiency of collective of municipal solid waste | 100% |
| 3 | Extent of segregation of municipal solid waste | 20% |
| 4 | Extent of municipal solid recoverd | 80% |
| 5 | Extent of scientific disposal of municipal solid waste | 0% |
| 6 | Extent of cost recovery in solid waste management services | 0% |
| 7 | Efficiency in collection of solid waste management charge | 0% |
| | **Storm water Drainage** | |
| | Coverage of storm water drainage network | 70% |
| | incidence of water logging/flooding | 0% |

(नवीन कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बढ़नी बाजार
सिद्धार्थनगर

(निसार अहमद)
अध्यक्ष
नगर पंचायत बढ़नी बाजार
सिद्धार्थनगर

# कार्यालय नगर पंचायत बढ़नी बाजार

## जनपद–सिद्धार्थनगर

पत्रांक सं0 223/न0पं0ब0बा0/2022–23 दिनांक 1.12.2022

आज़ादी का अमृत महोत्सव | स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 | स्वच्छ भारत – एक कदम स्वच्छता की ओर

### विज्ञप्ति

सैप्टेज प्रबन्धन के अन्तर्गत समस्त ऐसे भवन स्वामी जिनके शौचालय सैप्टिक टैंक से संयोजित हैं को खाली कराए जाते समय सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के तहत कार्रवाई निम्नानुसार अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करेंगे।

1. सेप्टिक टैंक को उपभोक्ता द्वारा 3 वर्ष में एक बार खाली कराना जाना अनिवार्य होगा।
2. सेप्टिक टैंक भरने पर तत्काल ही खाली कराया जाना सुनिश्चित करेंगे किसी भी स्थिति में मल नालियों में प्रवाहित ना हो सके।
3. किसी भी स्थिति में श्रमिकों से सीधे सेप्टिक टैंक को खाली ना कराया जाए।
4. सेफ्टी टैंक खाली कराते समय निकलने वाले फीकल स्लज को खुले में ना बहाये।
5. नगर पंचायत बढ़नी बाजार द्वारा स्वयं के वाहन से सेप्टिक टैंक खाली कराए जाते हैं।

| क्र0 | फर्म का नाम | लाईसेंस नं0 | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत बढ़नी बाजार | T-1 | 8931963283 |

नगर पंचायत के उल्लेखित नंबर पर संपर्क कर टैंकरों के माध्यम से सेप्टिक टैंक खाली कराया जा सकता है टैंकर आने का प्रयोगक्ता शुल्क नगर क्षेत्र में 2500 रुपए प्रति टैंक तथा नगर क्षेत्र से बाहर 10 किलोमीटर तक 3500 प्रति टैंक निर्धारित है उपभोक्ताओं/टैंकर संचालकों द्वारा यदि एकत्रित मल को खुले/नाले में बह जाता है तो उस स्थिति में माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण के नियमों का उल्लंघन मानते हुए आर्थिक जुर्माना लगाया जा सकता है।

(नवीन कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बढ़नी बाजार
सिद्धार्थनगर

(निसार अहमद)
अध्यक्ष
नगर पंचायत बढ़नी बाजार
सिद्धार्थनगर

# कार्यालय नगर पंचायत बढ़नी बाजार

## जनपद–सिद्धार्थनगर

पत्रांक सं0 231/न0पं0ब0बा0/2022–23 दिनांक 07.12.2022

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि खुले में शौच करने पर 100.00 रू0 प्रति व्यक्ति तथा पुनरावृद्धि पाये जाने पर जुर्माना 500 रुपये प्रति व्यक्ति का आर्थिक दण्ड लगेगा तथा खुले में मूत्र विसर्जन करते हुए पाये जाने पर 50.00 रुपये का आर्थिक दण्ड लगेगा।

(नवीन कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बढ़नी बाजार
सिद्धार्थनगर

(निसार अहमद)
अध्यक्ष
नगर पंचायत बढ़नी बाजार
सिद्धार्थनगर

# कार्यालय नगर पंचायत बढ़नी बाजार

## जनपद–सिद्धार्थनगर

पत्रांक सं0 231/न0पं0ब0बा0/2022–23 दिनांक 07.12.2022

आज़ादी का अमृत महोत्सव | स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 | स्वच्छ भारत – एक कदम स्वच्छता की ओर

### Garbage free city (1star) हेतु सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत बढ़नी बाजार द्वारा समस्त 11 वार्डो को Garbage free city (1star) घोषित करते हुये शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जाता है। यदि किसी नागरिक को Garbage free city (1star) से सम्बन्धित कोई भी आपत्ति/सुझाव है तो वह व्यक्ति विज्ञप्ति जारी होने से 15 दिवस के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत बढ़नी बाजार में लिखित रूप से आपत्ति/सुझाव दे सकते है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नही किया जायेगा।

(नवीन कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बढ़नी बाजार
सिद्धार्थनगर

(निसार अहमद)
अध्यक्ष
नगर पंचायत बढ़नी बाजार
सिद्धार्थनगर

# डाकघर बचत बैंक खाते से ग्राहकों को मिलेगा डीबीटी का लाभ

## –रुदौली मवई ब्लाक के गांवों में जन सम्पर्क अभियान

अयोध्या (आरएनएस)। डाकघर के विभिन्न बचत योजनाओं का रुदौली व मवई ब्लाक के रुदौली, मीरमऊ नेवरा, हुनहुना, तथा अख्तियारपुर गांवों में घर घर चला खाता खोलने का जनसंपर्क अभियान इस जनता को योजनाओं की जानकारी भी मुहैया कराई गई साथ ही मण्डल के हँसवर, बरियावन, राजेसुल्तानपुर, देवरिया, भीटी तथा महरूवागोला शिविर लगाकर खोले गये दो दिनों में 2463 बचत खाते भी खोले गये । मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने अयोध्या प्रधान डाकघर का वीक्षण करते हुए बताया कि बैंकों की तरह अब डाकघर भी ऑनलाइन सेवाओं को संचालित कर रहा है । इससे केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मिल रहे सब्सिडी, सहायता राशि, दिव्यांग, वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि शहरी ग्रामीण डाकघरों के बचत खाता ग्राहकों को घर बैठे लाभ मिलेगा । इसके साथ ही अभी तक विभिन्न बैंकों के खातों से डाकघर बचत खाते में आरटीजीएस की सुविधा उपलब्ध नहीं थी परंतु अब नेफ्ट सेवा के सक्रिय होने तथा डाकघर बचत बैंक खाते में आईएफएससी कोड आवंटित हो जाने के उपरांत डीबीटी सेवा शुरू हो गई है । मण्डल के मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि डाकघर की छोटी छोटी योजनाएं जनता के लिए बहुत ही लाभदायक है जिसमे छोटी छोटी रकम जमा करके अधिक धन इकट्ठा किया जा सकता है साथ ही बताया कि अब डाकघर के ग्राहक न केवल विभिन्न बैंक खातों से डाकघर बचत खातों में आरटीजीएस की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे बल्कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याण कारी योजनाओं दिव्यांग, वृद्धावस्था पेंशन छात्रवृत्ति गैस सब्सिडी, किसान सम्मान निधि आदि से प्राप्त होने वाली सहायता राशि या सब्सिडी का लाभ भी डीबीटी सेवा के माध्यम से उठा सकेंगे । इस दौरान सर्वेश रावत, रामानंद तिवारी, दिलीप पाण्डेय, राकेश सिंह, अम्बिका दूबे, अताउल्लाह, राम नरेश, साहब सरन, आदि दर्जनों मौजूद रहे

# माँ-बाप को वृद्धाश्रम भेजने वालों का हो सामाजिक वहिष्कार : विवेक तिवारी

## -प्रवासी भारतीय विवेक तिवारी ने दुबई से आकर वृद्धाश्रम में मनाया बिटिया का पहला जन्मदिन

अयोध्या (आरएनएस)। रामनगरी अयोध्या निवासी प्रवासी भारतीय विवेक तिवारी ने अपनी बिटिया का पहला जन्मदिन दुबई से आकर अयोध्या स्थित श्रवण कुंज वृद्धाश्रम में माताओं के बीच मनाया. सभी माताओं को गर्म वस्त्र, मिठाई उपहार वितरित किया, अपने बीच परिवार को पाकर माताओं के खुशी का ठिकाना नहीं था कोई बच्चों को गले लगाकर रोने लगी तो किसी को अपने नाती पोते याद आने लगे. गोंडा निवासी राजपति का एकलौता बेटा ऑस्ट्रेलिया में है एक साल से फोन पर भी बात नहीं हुई फिर माँ का हृदय हमार भइया क्य पैसा फसा बा ,जहाज बंद बा नाहीं तो आई जाते अबही तक कहते कहते लिपट कर रोने लगती है. इस आधुनिक युग में जहां तकनीक ने इतना विकास कर लिया वही मानवीय संवेदना दिन प्रति दिन क्षीण होती जा रही है। महाराष्ट्र से आ कर रह रही 84 वर्षीय माँ ने चल उड़ जा रहे पंछी अब ये देश हुआ बेगाना गा कर सब को रुला दिया .आश्रम की संचालिका नीलम ने बताया आए दिन फोन आते है मेरी माँ को अपने यहां रख लो जितना पैसा लगेगा मैं दूँगा एक माँ चार बच्चों को पाल दिया चार बच्चों मिलकर एक माँ को नहीं पाल पा रहे है. विवेक तिवारी ने कहा माँ बाप को हमने भगवान का दर्जा दिया है वो भगवान जिनके हम रोज साक्षात दर्शन कर सकते है वो जो भगवान से भी बढ़कर बोल दे तो कोई अतिश्योक्ति नही होगी। माँ बाप की अगर कोई सच्ची कीमत जानता तो इस दुनिया मे वृद्धाश्रम ही न हो। याद रखिये माँ बाप के साथ आप जो कर रहे है कल को आपकी संतान भी यही करेगी तब आपको भी पश्चाताप होगा। इस मौके पर शिवम ,आशिका, दिव्या, दिवित ,दिविशा तिवारी भी मौजूद रहे।

# एनटीपीसी के अधिकारियों ने विद्यालय में बताया सुरक्षा के उपाय

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी, रिहंदनगर में वृहस्पतिवार को एनटीपीसी सुरक्षा विभाग के सुरक्षा अभियंता हरिओम तिवारी एवं सीआईएसएफ फायर के सुनील कुमार एवं उनके टीम के द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को कार्यालय स्थल की अग्नि सुरक्षा तथा घरेलू अग्नि सुरक्षा के बारे में जानकारी प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों एवं अध्यापकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों से परिचय कराया। सुरक्षा अभियंता हरिओम तिवारी ने बहुत हीं सरल शब्दों में अग्नि सुरक्षा की आवश्यकता की जानकारी देते हुए बताया कि एलपीजी सिलेंडर



का इस्तेमाल करते हुए सावधानी बरतना जरूरी है। उन्होंने कहा कि दो सिलेंडर एक साथ नहीं रखना चाहिए। किचन हवादार होना चाहिए, तथा यदि सिलेंडर से गैस लीक हो रहा हो तो स्टोव नहीं जलाना चाहिए। सिलेंडर के ऊपर लगे रेगुलेटर पर भींगा कपड़ा डाल कर संबंधित विभाग को सुचित करना चाहिए। हरिओम तिवारी ने बताया कि गीजर का इस्तेमाल करने में भी सावधानी बरतना चाहिए। स्नान करने से पूर्व गीजर की स्वीच ऑफ कर देनी चाहिए, नहीं तो करेंट लगने का डर रहता है। सीआईएसएफ के अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने अग्निशामक यंत्रों के प्रयोग करने का तरीका व्यावहारिक रूप से विद्यार्थियों को बताया। पानी वाले अग्निशामक यंत्र, फोम वाले अग्निशामक यंत्र, गैस वाले अग्निशामक यंत्र तथा सूखे रसायनिक पाउडर वाले अग्निशामक यंत्र के उपयोग का तरीका विद्यार्थियों को बताया गया। विद्यालय के प्राचार्य ने सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह जीवन रक्षक उपाय है, जिसे हमारे विद्यालय के विद्यार्थी अपने जीवन में अवश्य पालन करेंगे और समाज को जागरूक करने में भी अहम योगदान निभाएंगे। विद्यार्थियों ने स्काउट ताली बजाकर सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# विसुन्धरी को मिला स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

घोरावल/सोनभद्र। कलेक्ट्रेट सभागार में वृहस्पतिवार को आयोजित स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यालयों को कैटेगरी वाइज पुरस्कार बांटे गये। भारत सरकार का स्वच्छता मंत्रालय प्रतिवर्ष स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार हेतु आनलाईन आवेदन करवाता है। पिछले वर्ष जनपद सोनभद्र के सभी प्राइवेट, सरकारी और परिषदीय विद्यालयों ने स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार हेतु आवेदन किया था। जिसका भारत सरकार ने थर्ड पार्टी सर्वे के बाद परिणाम जारी किये। यद्यपि सुविधाओं के मामले में परिषदीय विद्यालय इन्डस्ट्री के विद्यालय से मुकाबला अपने आप में अनूठा है। फिर भी परिषदीय विद्यालयों ने हर



मानकों को पूर्ण करते हुए विभिन्न पैरामीटर में अच्छा प्रदर्शन करते हुए ओवर आल कटेगरी फाइव स्टार रेटिंग में अपनी जगह बनायी। आपको बतातें चलें कि जनपद स्तर पर ओवर आल कैटेगरी फाइव स्टार रेटिंग में कुल आठ विद्यालयों का चयन हुआ है ,जिसमें तीन विद्यालय परिषदीय विद्यालय है। कम्पोजिट विद्यालय विसुन्धरी ने नब्बे प्रतिशत से ज्यादा अंक लेकर जनपद में अपनी जगह बनायी है।जिसके लिये कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने सम्मानित किया। कम्पोजिट विद्यालय विसुन्धरी के स.अ. दीनबन्धु त्रिपाठी ने बताया कि केवल विकलांग शौचालय के मानक को उनका विद्यालय पूर्ण नहीं करता, जिसके कारण वो प्रदेश और देश में जगह नहीं बना पाये। उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्न होकर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मैं इस विद्यालय को माडल विद्यालय बनाऊंगा दीनबंधु त्रिपाठी ने बताया कि पुरस्कृत होना और सर्वोच्च स्थान प्राप्त करना गौरव की बात है लेकिन इससे जिम्मेदारी बढ जाती है, और आगे उस स्थान पर विराजमान रहने के लिए और अधिक परिश्रम की आवश्यकता होती है।

## शोहरतगढ़ कस्बे में लॉकडाउन जैसे हालात, छोटी–बड़ी सभी दुकानें बंद

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। जनपद में जीएसटी को लेकर चार





दिनों से हो रही सेलटैक्स की छापेमारी से हडकंप मचा हुआ है। जिले में सेलटैक्स की कई टीम घूम रही है, सेल टैक्स छापेमारी के डर से शोहरतगढ़ कस्बे की सभी दुकानों को व्यापारियों ने बृहस्पतिवार को भी बंद रखा, शोहरतगढ़ कस्बे में पूरे दिन सन्नाटा पसरा रहा। शोहरतगढ़ नगर में लॉकडाउन जैसे हालात बन गए हैं, कस्बे स्थित सभी छोटी–बड़ी दुकानें बंद होने से आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, मेडिकल स्टोर बंद होने से मरीज दवाओं के लिए इधर–उधर भटक रहे हैं। लगातार चार दिनों से सेल टैक्स की छापेमारी से दुकानें बंद होने से शोहरतगढ़ का व्यापार चौपट हो गया है, व्यापारी व नगर वासी त्राहि–त्राहि कर रहे हैं।

# ईट के भठ्ठे पर आयकर विभाग का छापामारी,मचा हड़कंप





दैनिक बुद्ध का सन्देश

जोगियाधसिद्धार्थनगर। जोगिया क्षेत्र के करौन्दा बने ईट के भठ्ठे पर डिप्टी कमिश्नर सिद्धार्थ सौरभ के नेतृत्व में छापामारी की गई । आप को बता दे की शुक्रवार को दोपहर लगभग दो बजे बजे करौन्दा मे बने ईट के भठ्ठे पर सेलटैक्स की टीम ने छापा मार दिया। छापामारी से जोगिया चौराहे पर हड़कंप मच गया व्यापारियों ने अपनी–अपनी दुकानों का बंद कर गायब हो गये। सिद्धार्थनगर जनपद में सिद्धार्थ सौरभ उपायुक्त, डिप्टी कमिश्नर, 2–रामअनुज, मौर्य, सहायक, आयुक्त, 3–संतोष पांडे एसटीओ, 3 टीमें महेंद्र चौधरी, सहायक आयुक्त 2–मधुसूदन तिवारी एसटीओ 3–प्रवीण कुमार एसटीओ, जांच कर, रहे हैं, जिससे, जोगिया, उदयपुर, उसका, नौगढ़, शोहरतगद, बढ़नी, इटवा, डुमरियागंज, पथरा बाजार बांसी, रुदौली, बर्डपुर, लोटन, ककरहवा, मोहने, अलीगड़वा, सहित जनपद के कोने कोने में दहशत फैला हुआ और हजारों व्यापारी जीएसटी छापेमारी के डर से अपना–अपना दुकान बन्द कर फरार हो गए जिसमें छोटे बड़े दुकानदार शामिल है। इस सम्बन्ध में डिप्टी कमिश्नर सौरभ उपायुक्त, व राम अनुज मौर्य, सहायक आयुक्त संतोष पांडे एसटीओ, ने बताया की ये जांच डाटा एनालिसिस के आधार पर पकड़े गये जीएसटी मे कर अपवंचन से सम्बन्धित हैं। इस जांच में ऐसे व्यापारी जो जीएसटी में पंजीकृत हैं और कर का भुगतान नही करते हैं उनके विरुद्ध ही जांच की जा रही है। ऐसे अपंजीकृत व्यापारी जो जीएसटी की मानक सीमा मे नही आते उन्हे घबराने की आवश्यकता नही है वह अपना दुकान खोले रहे। साथ ही उन्होने बताया की ऐसे व्यपारी जो 1 वर्ष में 40 लाख का क्रय–विक्रय करते है वह ळैज् कर का भुगतान समय से करा दे उनपर भी कार्रवाई नही होगी। और साथ उन्होंने बताया की जो छोटे व्यपारी है जिसका लेनदेन 1 वर्ष में 40 लाख से कम है और जो ळैज् पंजीकृत नही है उनको घबराने की जरूरत नही है वह सब व्यापारी अपना व्यपार करे किसी प्रकार की जांच नही होगा। साथ ही उन्होनें कहा की राज्य कर विभाग की सभी सम्मानित करदाताओं से अपील है कि वे अपने रिटर्न समय से फाइल करायें और कर का भुगतान समय से करें डरे नही सरकार सहयोग करें।

## क्रिकेट प्रतियोगिता में खड़ेहरा व सहुआर की टीम हुई विजयी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

घोरावल/सोनभद्र। जिले के घोरावल तहसील क्षेत्र के ग्राम



महुआँव पाण्डेय मे चल रहे स्व. जामवंती पाण्डेय स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में बृहस्पतिवार को खेले गये पहले मुकाबले मे खड़ेहरा की टीम ने निर्धारित 8 ओवरों में करीबराव को 77 रन का लक्ष्य दिया। जवाब मे बैटिंग करते हुए करीबरावं की टीम ने भी 76 रन बनाकर मैच को ड्रा करा दिया गया। सुपर ओवर के मुकाबले में खड़ेहरा की टीम विजयी रही। सूरज गिरी 24 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरा मैच सहुआर और उसरी के बीच खेला गया जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए सहुआर ने निर्धारित 8 ओवरों मे 81 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में उसरी की टीम 8 ओवरों मे 59 रन ही बना पायी। इस प्रकार सहुआर की टीम ने यह मैच 22 रन से जीतने मे सफल रही। अमित पाण्डेय ने 23 रन बनाकर 1 विकेट लिया और मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त किया। इस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन युवा समाजसेवी चन्द्र शेखर पाण्डेय द्वारा अपनी स्मृति शेष माता के स्मृति में आयोजित किया गया है। तथा लोक तंत्र रक्षक सेनानी जनार्दन प्रसाद पाण्डेय की धर्मपत्नी थी। इस अवसर पर गावं के सम्मानित सदस्य कामेश्वर धर, विनोद धर, विनोद पाण्डेय, बागेश्वरी धर, रामजी धर, अजय धर, अशोक शर्मा, जगदीश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## जिला प्रोबेशन अधिकारी के अगुवाई में राष्ट्रीय जेंडर चलाया गया अभियान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जिलाधिकारी सोनभद्र के निर्देश के क्रम मे जिला



प्रोबेशन अधिकारी राजेश कुमार खैरवार के आदेश राष्ट्रीय जेंडर अभियान व महिलाओं के खिलाफ हिंसा और भेदभाव के उन्मूलन के बारे में जागरूकता बढ़ाने हेतु जागरूकता कार्यक्रम सीताराम सिंह महा विद्यालय बीरधी ब्लॉक चतरा में महिला शक्ति केंद्र, से जिला समन्वयक सिमा द्विवेदि, शेषमणि दुबे ओ आर डब्ल्यू जिला बाल संरक्षण इकाई सोनभद्र द्वारा किया गया जिसमें महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का प्रचार प्रसार व समस्त हेल्पलाइन नम्बरों 112,1090,1098,1930 आदि के बारे में जानकारी दी गई, वहि महिला आरक्षी अर्चना द्वारा छात्र एवं छात्राओं को बताया कि महिलाओं को पुरुषों के समकक्ष समझा जाए बेटा बेटी में किसी प्रकार का भेदभाव ना किया जाए और बालिकाओं को अधिक से अधिक शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया व लिंग भेदभाव और कुरीतियों को समाप्त करने, व महिलाओं के विरुद्ध हो रही हिंसा तथा भेदभाव को समाप्त करने के लिए सभी छात्र एवं छात्राओं को जागरूक किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा छात्राओं को बताया गया की जरूरत पड़ने पर या कोई भी समस्या होने पर हेल्पलाइन नंबर का प्रयोग करे। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापक, अध्यापिका व छात्राएं उपस्थित रहे।


**बुद्ध का संदेश**
**(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।


## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

## डिंपल यादव की जीत पर मिठाई खिलाकर सपाईयों ने मनाया जश्न

### लोकसभा चुनाव में देश से हो जाएगा भाजपा का सफाया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। सपा नेत्री डिंपल यादव की मैनपुरी लोकसभा



उपचुनाव में एतिहासिक मतों एवं खतौली से सपा के सहयोगी आरएल डी के मदन भैया के जीत पर सपाई कार्यकर्ता जमकर जश्न मनाए। इस दौरान एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश सचिव चंद्रमणि यादव के अगुआई में सपाई कार्यकर्ता सदर तहसील परिसर में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर कर खुशी का इजहार किया। चंद्रमणि यादव ने कहा कि नगर निकाय चुनावों के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व चाचा शिवपाल यादव के नेतृत्व पूरे प्रदेश में भाजपा को हराने का काम करेंगे। रामपुर की भाजपा की जीत बेमानी की है। इस अवसर पर नागेंद्र नाथ चौबे, विजय यादव, कलाम सिद्दीकी, पंकज वर्मा, चंद्र जीत यादव व अतीकुर रहमान आदि सपाई शामिल रहे।



## ग्राम प्रधान को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का सन्देश

करमा/सोनभद्र। विकासखंड कर्मा ग्राम प्रधान जोगनी रत्नेश कुमार सिंह को जल संचय और जलाशयों के पुनरुद्धार के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने के लिए जिला प्रशासन व नीति आयोग द्वारा संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई प्रशस्ति पत्र पाने पर स्वजनों में हर्ष है।

# रेट्रो वॉकिंग क्या है और इससे कौन से 5 बड़े फायदे मिलते हैं?



रेट्रो वॉकिंग का मतलब पीछे की ओर यानी उल्टा चलना है और इसे रिवर्स वॉकिंग भी कहते हैं। नॉर्मल वॉकिंग की तुलना में यह स्वास्थ्य के लिए कहीं ज्यादा लाभदायक है। रेट्रो वॉकिंग हमारे दिल, दिमाग और मेटाबॉलिज्म के लिए भी बेहद फायदेमंद होती है। इससे दिल ज्यादा तेजी से पंप करता है और शरीर के अंगों में खून और ऑक्सीजन की सप्लाई तेज होती है। आइए आज हम आपको रेट्रो वॉकिंग से मिलने वाले पांच फायदे बताते हैं।

कॉर्डिनेशन में करती है सुधार

रेट्रो वॉकिंग के लिए आपको अपनी सामान्य गति के विरुद्ध जाने की आवश्यकता होती है, यानी इस वॉकिंग में आपको अपने शरीर के बेहतर कॉर्डिनेशन की आवश्यकता होगी। रेट्रो वॉकिंग करने पर आपका दिमाग आपका बेहतर मार्गदर्शन करने पर केंद्रित रहता है। इससे आपके दिमाग और शरीर के कॉर्डिनेशन में सुधार होता है और आपको अपने अंगों और शरीर की स्थिति की बेहतर समझ रखने में मदद मिलती है।

घुटनों पर पड़ेगा कम दबाव

जिन रोगियों के घुटनों में ऑस्टियोआर्थराइटिस है, उनके लिए रेट्रो वॉकिंग बेहद फायदेमंद हो सकती है। इससे उनके घुटनों का दर्द कम होगा और पैरों की ताकत में सुधार होगा। रेट्रो वॉकिंग काफी समय से घुटने में हो रहे दर्द को भी कम करता है। जब आप पीछे की ओर चलते हैं तो आपके क्वाड्रिसेप्स की गतिविधि कम हो जाती है। इसकी वजह से घुटने के जोड़ पर कम दबाव पड़ता है, जिससे दर्द की तीव्रता कम होती है।

ज्यादा कैलोरी होती है बर्न

नॉर्मल वॉकिंग की तुलना में रेट्रो वॉकिंग करने से प्रति मिनट 40 प्रतिशत से ज्यादा कैलोरी बर्न होती हैं। डॉक्टर्स के मुताबिक, उल्टा चलने से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और आप कम समय में ज्यादा कैलोरी बर्न कर पाते हैं। अगर आप अपना वजन जल्दी कम करना चाहते हैं तो आपको रोजाना सुबह के समय नॉर्मल वॉकिंग या जॉगिंग की जगह रेट्रो वॉकिंग शुरू कर देनी चाहिए। यह आपके स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद रहेगी।

कार्डियोरेस्पिरेटरी फिटनेस में करती है सुधार

डॉक्टरों का मानना है कि किसी भी तरह की वॉकिंग हमारे हृदय और फेफड़ों के लिए बेहतर होती है, लेकिन रेट्रो वॉकिंग या उल्टा चलने से हमारा दिल तेजी से पंप करता है। इसका मतलब है कि आपको कार्डियो फिक्स मिलता है, मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और कम समय में अधिक कैलोरी बर्न होती है। इससे दिल और सांस संबंधी बीमारी नहीं होतीं। रेट्रो वॉकिंग करने से युवा महिलाओं की शरीर की संरचना में भी अच्छे बदलाव होते हैं।

पैरों को रखती है मजबूतः रेट्रो वॉकिंग आपके कम सक्रिय पैरों की मांसपेशियों को मजबूत करने के सबसे प्रभावी प्राकृतिक तरीकों में से एक है। जब आप पीछे की ओर चलते हैं तो यह आपके क्वाड्रिसेप्स के विपरीत आपके हैमस्ट्रिंग को फ्लेक्स करती है और मांसपेशियों को मजबूत करती है। यह काफ मसल, ग्लूट्स और क्वाड्रीसेप्स पर ज्यादा असर डालता है। ऐसा कहा जाता है कि रेट्रो वॉकिंग के 100 स्टेप्स नॉर्मल वॉकिंग के 1,000 स्टेप्स के बराबर हैं।

## थाई हाई स्लिट आउटफिट में जन्नत गर्ल सोनल चौहान दिखीं ग्लैमरस

जन्नत फिल्म की एक्ट्रेस की खूबसूरती फैंस के दिलों को बेकरार किए रहती हैं। एक्ट्रेस सोनल चौहान सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी खूबसूरती और कातिलाना अदाओं के लिए चर्चाओं



में बनी रहती हैं। सोनल चौहान बॉलीवुड से लेकर साउथ इंडस्ट्री तक अपना जलवा बरकरार किए हुए हैं। एक्ट्रेस सोनल चौहान गोल्डन कलर की ड्रेस में कहर बरपाती नजर आ रही हैं। थाई हाई स्लिट आउटफिट में एक्ट्रेस सोनल चौहान अपनी टोंड लेग्स फ्लॉन्ट कर रही हैं। सोनल चौहान ने अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए न्यूड मेकअप और कर्ल हेयर स्टाइल को कैरी कर रखा है। एक्ट्रेस सोनल चौहान अपनी तस्वीरें अक्सर सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। वहीं, उनकी तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। सोनल चौहान की ड्रेस में खूबसूरती को देखकर फैंस उन्हें गॉर्जियस और ब्यूटीफुल बता रहे हैं। एक्ट्रेस सोनल चौहान की बोल्डनेस और ग्लैमरस अंदाज को देखकर फैंस आहें भर रहे हैं। साथ ही उनकी तस्वीरों ढेरों लाइक्स और कमेंट्स कर रहे हैं। सोनल चौहान यूपी के रॉयल राजपूत फैमली से ताल्लुक रखती हैं। फिल्म जन्नत से अपने करियर की शुरूआत करने वाली सोनल चौहान , तेलुगू और तमिल भाषा की फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। एक्ट्रेस सोनल चौहान अपने सिजलिंग लुक से फैंस पर बिजलियां गिराने का काम कर रही हैं।

## दृश्यम 2 की बॉक्स ऑफिस पर कमाई जारी, 200 करोड़ के आंकड़े के करीब





अजय देवगन की फिल्म दृश्यम 2 बॉक्स ऑफिस पर लगातार कमाल कर रही है। फिल्म अपने तीसरे हफ्ते में पहुंच चुकी है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म ने करीब 192 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है और यह जल्द ही 200 करोड़ का आंकड़ा छू सकती है। 18 नवंबर को रिलीज हुई इस फिल्म ने पहले दिन करीब 15 करोड़ रुपये कमाए थे और सिर्फ एक हफ्ते में ही फिल्म 100 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई थी।

भेडिया और एन एक्शन हीरो को टक्कर दे रही फिल्म

दृश्यम 2 इस साल की उन चुनिंदा हिट फिल्मों में से एक है जो कोरोना के बाद सिनेमाघरों की रौनक लौटाने में कामयाब रही हैं। फिल्म अपने बाद आईं फिल्मों भेडिया और एन एक्शन हीरो को जबरदस्त टक्कर दे रही है। आने वाले हफ्ते में काजोल की सलाम वेंकी और तुषार कपूर की मारीच रिलीज होनी है। ऐसे में एक्सपर्ट्स की निगाह इस पर है कि फिल्म चौथे हफ्ते भी सिनेमाघरों में रहती है या नहीं।




## अवतारः द वे ऑफ वॉटर की जमकर हो रही अडवांस बुकिंग, दो लाख टिकटें बिकीं

जेम्स कैमरून की फिल्म अवताररू द वे ऑफ वॉटर की भारत में 22 नवंबर को अडवांस बुकिंग शुरू हुई थी। देशभर में फिल्म की अब तक दो लाख से ज्यादा बुकिंग हो चुकी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, देश में मंगलवार सुबह तक फिल्म के करीब 2.15 लाख टिकट बुक हो चुके हैं जिससे करीब 8.50 करोड़ रुपये की कमाई हो चुकी है। इनमें से करीब 3.50 करोड़ रुपये फिल्म ने सिर्फ पहले दिन के टिकट से कमाए हैं। अडवांस बुकिंग में एक तिहाई टिकट आईएमएएक्स के लिए बुक किए गए हैं। इनमें 75 प्रतिशत टिकट बड़ी मल्टीप्लेक्स चेन द्वारा बेचे गए हैं। अकेले पीवीआर में अब तक फिल्म की करीब 85,000 टिकट बुक हो चुके हैं। 2009 की फिल्म अवतार का यह सीक्वल 16 दिसंबर को रिलीज हो रहा है। भारत में फिल्म हिंदी, अंग्रेजी, तमिल और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी। जबकि दुनियाभर में यह फिल्म 160 भाषाओं में रिलीज की जा रही है।

# ये स्टाइलिश कलाई वाली घड़ियां हर महिला के पास होनी चाहिए, मिलेगा बेहतरीन लुक



फैशन एसेसरीज में से एक कलाई में पहने जाने वाली घड़ी यानी रिस्टवॉच आपके लुक में एक अलग चमक जोड़ती है। महिलाओं के लिए आजकल बाजार में कई पैटर्न और डिजाइन की घडियां उपलब्ध हैं, लेकिन बेहतर घडियों के चयन को लेकर उलझ बनी रहती है। ऐसे में आइए जानते हैं कि हर महिला के पास कौन–कौनसी घडियां होनी चाहिए, जो उनके लुक को और बेहतर बना सकती हैं।

लेदर बैंड वाली घड़ी

सबसे क्लासिक घडियों में से एक लेदर बैंड वाली घड़ी कभी भी स्टाइल से बाहर नहीं होती और फॉर्मल के साथ कैजुअल अवसरों पर भी पहनी जा सकती हैं। कई लेदर बैंड वाली घडियां विभिन्न रंग की स्ट्रेप्स के साथ आती हैं और आप उन्हें अपने पहनावे के अनुसार बदल सकते हैं। हालांकि, इन घडियों को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए नमी या सीधे पानी के संपर्क में आने से बचना चाहिए।

मेटल बैंड वाली घड़ी

हर महिला के पास एक मेटल बैंड वाली घड़ी भी जरूर होनी चाहिए। यह अधिक टिकाऊ होने के साथ स्टाइलिश लुक भी देती है। आमतौर पर इसके बैंड स्टेनलेस स्टील से बने होते हैं और सिल्वर, रोज गोल्ड या गोल्ड रंगों में उपलब्ध होते हैं। सिल्वर बैंड वाली घड़ी को कैजुअल और फॉर्मल वियर के साथ पहना जा सकता है, जबकि रोज–गोल्ड और गोल्ड बैंड वाली घड़ी ट्रेडिशनल वियर के साथ खूब जंचती है।

स्मार्टवॉच

सबसे ट्रेंडी और सुपर–कूल घडियों में से एक स्मार्टवॉच महिलाओं और पुरुषों दोनों पर ही अच्छी लगती हैं। ये रेगुलर वॉच से ज्यादा अच्छी लगती हैं और स्पोर्टी लुक देती हैं। ये समय दिखाने के अलावा, नेविगेशन, कॉलिंग, स्लिप ट्रैक करने, आपके कदमों की गिनती करने और ऑक्सीजन स्तर की जांच करने जैसी सुविध ााएं भी देती हैं। ये रिस्टवॉच फिटनेस फ्रिक लोगों के लिए एकदम सही है।

बैंगल्स रिस्टवॉच

बैंगल्स या ब्रेस्लेट रिस्टवॉच उन महिलाओं के लिए एकदम सही हैं, जो चूडियों के साथ घड़ी पहनना ज्यादा पसंद करती हैं। ये रिस्टवॉच लगभग हर आउटफिट के साथ अच्छी लगती हैं, खासकर ट्रेडिशनल वियर के साथ। आप गोल्ड रंग और मोती या नग के डिजाइन वाली रिस्टवॉच का चयन कर सकती हैं। क्लासिक स्टेटमेंट लुक के लिए ये रिस्टवॉच शादी में पहनने के लिए भी एक बेहतरीन एक्सेसरी है।

क्रोनोग्रफ रिस्टवॉच

ये रिस्चवॉच फन, बोल्ड और स्टाइलिश लुक देने में काफी मदद कर सकती हैं। ये स्टॉपवॉच के साथ डिस्प्ले वॉच के रूप में आती हैं। इन रिस्टवॉच में कई सब–डायल होते हैं, जो सेकंड, मिनट, घंटे और सेकंड के दसवें हिस्से को मापते हैं। इन रिस्टवॉच को कभी भी शुरू किया जा सकता है, रोका जा सकता है और शून्य पर भी लौटाया जा सकता है। ये फंक्शनेलटी और स्टाइल का सही मिश्रण हैं।

